हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



# सभापति : ज्ञानेश्वर ताम्रकारजी 60 पार्षदों में आप सबसे ज्यादा बुद्धिमान
# ज्ञानेश्वर : आप ऊंची आवाज में बोलकर आवाज दबाने की कोशिश न करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग की सामान्य सभा की बैठक में लाए गए सभी प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। विपक्ष के कांग्रेसी पार्षद अपने नेता सचिन पायलट के एक अन्य कार्यक्रम में जाने की वजह से बैठक बीच में हो छोड़कर चले गए।

बैठक में विपक्षी पार्षदों से ज्यादा सत्तादल के पार्षदों ने महापौर और उनकी परिषदों को घेरने का प्रयास किया। कुछ मामलों में एमआईसी मेंबर ज्ञानेश्वर ताम्रकार और नरेंद्र बंजारे से सभापति श्याम शर्मा की तीखी नोंकझोक भी हुई। ज्ञानेश्वर को सभापति ने फटकार भी लगाई। साथ ही यहां तक कह दिया कि उन्हें हर मुद्दे में घुसने की आदत है। 60 पार्षदों में सबसे ज्यादा बुद्धिवान वो ही हैं। इस पर ज्ञानेश्वर ने कहा कि सभापति सदस्यों की आवाज को दबाने की कोशिश न करें। इस दौरान नरेंद्र बंजारे और सभापति के बीच भी कहासुनी हुई। बैठक में तकियापारा वार्ड से पार्षद खालिक रिजवी ने इंदिरा मार्केट पार्किंग में हो रही अवैध वसूली का मुद्दा उठाया। इस पर आयुक्त सुमित अग्रवाल ने सदन को जानकारी दी कि ठेकेदार को 3 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद नियमतः कार्रवाई की जाएगी। निगम के सभागार में हुई बैठक में महापौर अल्का बाघमार, एमआईसी के मेंबर सहित अधिकारी मौजूद थे।

## इंदिरा मार्केट साइकिल स्टैंड में हो रही अवैध वसूली, दोपहिया का किराया दोगुना वसूला जा रहा

### मुक्तिधाम और गंजपारा दुकानों का आवंटन स्वीकृत

बैठक में रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम परिसर की दुकानों के आवंटन पर चर्चा हुई। रिक्त दुकानक्रमांक 02 के लिए आशीष वर्मा की निविदा प्राप्त हुई, जिसे स्वीकार किया गया। इसी प्रकार गंजमंडी व्यावसायिक कॉम्प्लेक्स और अग्रसेन चौक सुभाष स्कूल सीढ़ी के नीचे निर्मित दुकान के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया। बैठक में राशनकार्ड और आधार कार्ड बनाने के लिए टैक्स जमा करने की रसीद को लेकर भी हंगामा हुआ, जिसमें बताया गया कि आदेश मौखिक था, जिसे निरस्त कर दिया गया।





### 15.95 लाख का ठेका निगम ने दे दिया 10 लाख रुपए में

इंदिरा मार्केट पार्किंग को लेकर तकियापारा वार्ड से पार्षद खालिद रिजवी ने मामला उठाया। उन्होंने कहा कि तीन महीने पर निगम ने 15.95 लाख रुपए का ठेका निकाला, इसे दिनेश शर्मा नामक व्यक्ति को महज 10 लाख रुपए में दे दिया गया। जबकि एक अन्य ने 12.60 लाख रुपए में ठेका फार्म जमा किया था। तर्क यह दिया गया कि उसने मैनुवल टेंडर जमा किया। जबकि नियमों में ऐसा कहीं उल्लेख नहीं था। इसके अलावा पार्किंग संचालक पूरे मार्केट में अवैध वसूली कर रहा है। साइकिल का 3 रुपए, दोपहिया का 5 रुपए, कार का 10 रुपए किराया तय है, लेकिन दोपहिया से 10, कार से 25 रुपए लिया जा रहा है। ई-रिक्शा से 50 रुपए वसूला जा रहा है। ठेला, पसरा लगाने वालों से भी वसूली की जा रही है। उन्होंने तत्काल ठेका निरस्त करने अन्यथा आयुक्त का घेराव करने की चेतावनी दी। आयुक्त ने मामले में जांच के निर्देश दिए हैं।

### नेता प्रतिपक्ष को भी निगम में मिलेगा चेंबर

बता दें कि दो दिन पहले महापौर अल्का बाघमार ने कांग्रेसी पार्षद दल के साथ बैठक की। इसमें सामान्य सभा में सहयोग करने की अपील की गई। इस बीच नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले ने निगम में चैंबर उपलब्ध कराने की अपनी मांग को दोहराया। इस पर महापौर ने हिंदी भवन में जगह उपलब्ध कराने की बात कही, लेकिन इस पर बात नहीं बनी। उन्होंने निगम में ही कक्ष उपलब्ध कराने कहा। महापौर ने उन्हें आश्वासन दिया कि हफ्तेभर में जगह उपलब्ध करा दी जाएगी। इस प्रकार निगम में नेता प्रतिपक्ष को भी बैठने की जगह मिलेगी।

## खबर संक्षेप



### कैंपेन में दी एचआईवी की जानकारी

**भिलाई।** इंटेंसीफाई आईईसी कैंपेन अभियान के तहत प्रतिज्ञा विकास संस्थान टी आई माइग्रेंट परियोजना भिलाई द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर भिलाई मे इंटेंसीफाई आईईसी कैंपेन का आयोजन किया गया। जिसमें टीआई स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को एचआईवी, एड्स क्या है, एचआईवी फैलने के कारण, बचाव व एचआईवी जांच, भ्रांतियों के विषय पर जानकारी दी गई। साथ ही टोल फ्री नंबर 1097 , नाको एप के माध्यम से एचआईवी संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते है। इस दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एच भाटिया, डीके वर्मा, पीके देवांगन, टीआई परियोजना से परियोजना प्रबंधक राजू देवांगन, निगरानी एवं मूल्यांकन सह लेखापाल चंदन चंद्राकर , परामर्शदाता पूजा सिंग उपस्थित रहे।

### बैगापारा शीतला मंदिर में नवरात्रि 22 सितंबर से

**दुर्ग।** बैगापारा में श्री शीतला सेवा समिति द्वारा शीतला मंदिर में क्वांर नवरात्र पर मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्वलित किए जाएंगे। मंदिर समिति के संरक्षक अरुण चंद्राकर ने बताया कि मनोकमान ज्योति कलश का राशि मंदिर कार्यालय में सुबह 8 से 12 व शाम 5 से 8 बजे तक ली जा रही है। 22 से शुरु हो रही नवरात्रि के तहत 1 अक्टूबर को कलश विसर्जन शोभायात्रा निकलेगी। दो अक्टूबर को शीतला मिनी स्टेडियम बैगापारा में जय शीतला यंग क्लब द्वारा विजयादशमी कार्यक्रम शाम 7 बजे से आयोजित है।

### शासकीय आईटीआई में एक दिवसीय सेमिनार

**दुर्ग।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था दुर्ग में मेमोरी एन्हांसमेंट एंड ब्रेन डेवलपमेंट विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। जिसके मुख्य वक्ता मेटामंड्स के सदस्य रोहित तैलंग थे। उन्होंने मस्तिष्क के दो भाग दाया एवं बाया और उनकी कार्यप्रणाली के बारे में बताया। तीन साल से इक्कीस साल तक के बीच में यदि बच्चे की रुचि और रुझान जान लिया जाए तो बच्चा अपने लिए भविष्य की सही राह चुन सकता है। चलचित्र तथा कहानी द्वारा रुचि कैसे बनाए इस पर प्रकाश डाला गया। रोचक खेल और कहानी द्वारा याददाश्त बढ़ाने के तरीके बताए गए। उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारी के प्रश्नों का जवाब दिया। कार्यक्रम में प्रांजल तिवारी, बी कुमार, पुष्पा देवांगन, स्वीटी शर्मा, कमलेश्वरी साहू, मिथलेश सोनखुटिया, देवी लाल साहू एवं अन्य मौजूद रहे।

### मिनी माता चौक पुलगांव में कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत, बाइक रैली के साथ पहुंचे सभास्थल

# वोट चोरी करने वालों को निर्वाचन आयोग दे रहा संरक्षण, इसे हर व्यक्ति को जानना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पूरे देश में कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के अंतर्गत कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज समेत कांग्रेस के कद्दावर नेता गुरुवार को दुर्ग पहुंचे। नेताओं के काफिले का सबसे पहले मिनी माता चौक पुलगांव में पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल और पाटन से आई बाइक टोली ने स्वागत किया। जहां से कार्यकर्ताओं के साथ सचिन पायलट हिंदी भवन के सामने स्थित सभास्थल पर पहुंचे। सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ का अभियान छेड़ रखा है। केन्द्र में सत्तासीन भाजपा सरकार के इशारे पर जिन क्षेत्रों में भाजपा कमजोर है और जिन क्षेत्रों में कांग्रेस मजबूत है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि हमने कई चोर देखे और सुने हैं, लेकिन वोट चोर पहली बार सुना है। लोकतंत्र में वोटों की चोरी हो रही है, लेकिन भला है कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के आत्मविश्वास और ताकत की, जिन्होने लोकतंत्र में वोट चोरी की घटना को उजागर किया है। भारत का निर्वाचन आयोग, भाजपा का निर्वाचन आयोग बन गया है। कांग्रेस द्वारा लोकतंत्र की रक्षा के लिए वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान चलाया जा रहा है, ताकि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हो सके। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस द्वारा छत्तीसगढ़ के कोरबा से वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का आगाज किया गया है। इसके लिए छत्तीसगढ़ में हस्ताक्षर अभियान भी चलाए जा रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान पूर्ण होने पर हस्ताक्षरयुक्त पत्र कांग्रेस आलाकमान को सौंपा जाएगा। सभा में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू, रविन्द्र चौबे, अमरजीत सिंह भगत, विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, आरएन वर्मा, अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेन्द्र साहू, अय्यूब खान मौजूद थे।

## राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव और छग प्रभारी सचिन पायलट ने लगाया वोट चोर, गद्दी छोड़ का नारा



### लोकसभा चुनाव में 48 से ज्यादा सीटों में वोट चोरी : भूपेश बघेल

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमने लोहा चोर देखा अनाज चोर देखा बिजली चोर देखा, लेकिन पूरे देश ने पहली बार वोट चोर करने वाली पार्टी को देखा भाजपा वाले हमेशा कहते हैं कि आने वाले 50 साल में हमको कोई नहीं हरा सकता। आज समझ में आया है कि वह क्यों बोलते थे। अगर देश के लोकसभा चुनाव में 48 सीटों पर वोट चोरी नहीं होती तो आज देश में राहुल गांधी प्रधानमंत्री होते। दीपक बैज ने कहा की सरकार शाम, दंड, भेद लगाकर सत्ता हासिल करती है। आज प्रदेश में बिजली महंगी कर दी गई है। किसानों को बिजली नहीं मिल रही है। देश में महंगाई बढ़ गई है। यह सरकार उद्योगपतियों का भला कर रही है।





### बाइक रैली का जगह-जगह स्वागत

बाकलीवाल के नेतृत्व में रैली निकाली गई। रैली का शहर के अलग-अलग हिस्सों में स्वागत किया गया। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। देश की जनता निर्वाचन आयोग की इस गड़बड़ी को समझ चुकी है। आने वाले चुनाव में इसका हिसाब करेगी। इधर मिनीमाता चौक पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के द्वारा नारेबाजी, ढोल-नगाड़ों और फूलमालाओं के साथ शीर्ष नेताओं का अभिनंदन किया। धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में मिनीमाता चौक से गांधी प्रतिमा तक एक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली की ख़ास बात यह रही कि कांग्रेस के बड़े नेताओं ने स्वयं बाइक चला कर युवाओं में जोश और उत्साह का संचार किया।

## नवरात्र में गरबा के दौरान असामाजिक तत्वों की घुसपैठ पर लगे रोक, मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शारदीय नवरात्रि का पावन पर्व पर मां जगदम्बा की आराधना एवं सनातन धर्म गौरवशाली परंपरा का प्रतीक है। गरबा और डांडिया केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि शक्ति -उपासना का एक साधन है। किंतु कई दुर्गा पंडालों में अश्लीलता असामाजिक तत्वों की घुसपैठ, महिलाओं से दुर्व्यवहार, अनुशासनहीनता एवं शास्त्र विरुद्ध आत्तरण जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई है। हिंदू युवा मंच ने इस पर रोक लगाने की मांग की है। कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर इस पर अंकुश लगाने की मांग की है। संगीत एवं गीतों का चयन केवल देवी भक्ति एवं पारंपरिक गरबा डांडिया गीतों तक सीमित हो। अश्लील, फिल्मी या द्विअर्थी गीतों काप्रयोग पूर्णतः वर्जित हो। केवल श्रदालु हिन्दू समाज के लोगों को ही एंट्री दिया जाए।

## सांसद ने पूरब मंडल के साथ सेक्टर 5 मार्केट की सफाई



**भिलाई।** सेवा पखवाड़ा के तहत पूरब मंडल में प्रथम कार्यक्रम स्वच्छता का कार्य सेक्टर 5 मार्केट में किया गया। जिसमें सांसद विजय बघेल, जिला भिलाई उपाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह, जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह, मनोज तिवारी, गजानंद बंछोर, मंडल उपाध्यक्ष, प्रहलाद सिंह, सरोज पाहीद रज्जू बग्गा, मंत्री नीलम साहू, सीमा देवी, मोंटू हरपाल, कोषाध्यक्ष मनोज साव, हरीश साहू, मीडिया प्रभारी अजय कनोजिया, प्रशांत क्षीर सागर, सूर्यकांत पाण्डेय, शिवप्रकाश जतिन वर्मा, सुभाष सोनकर, ललित, सिखा आदि मौजूद थे।

# मसीह समाज ने निकाली रैली, हो रहे हमलों पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए मसीही समाज के लोगों से हो रही मारपीट, फर्जी एफआईआर दर्ज किए जाने के विरोध में गुरुवार को मसीही समाज ने मानस भवन दुर्ग से विशाल रैली निकाली। रैली में 2 हजार से ज्याद लोग शामिल हुए। इस

- नर्नों पर कार्रवाई को झूठा बताया, मूलनिवासी संघ, भीम आर्मी ने

दौरान समाज के लोगों ने पद्मनाभपुर में गिरजाघर में हुई मारपीट को लेकर भी विरोध दर्ज कराया। समाज के एम इब्लू ने कहा कि इस मामले में पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर नहीं लिखी, जबकि समाज के



लोगों ने नामजद शिकायत की है। मूल निवासी संघ के अध्यक्ष अमरजीत पटेल के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में फर्जी मामलों पर नाराजगी व्यक्त की गई। इसमें बताया गया कि हाल ही में दुर्ग रेलवे स्टेशन पर कैथोलिक ननों पर मानव तस्करी और धर्मांतरण का झूठा मामला दर्ज किया गया था। प्रदर्शनकारियों में जय भीम और मूल निवासी वलेंटियर फोर्स के सदस्य भी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### पास्टरों पर हमलों और गिरफ्तारी का भी लगाया आरोप

पास्टरों पर हमलों और गिरफ्तारी का भी आरोप लगाया गया। बताया गया है कि 31 अगस्त को बोरसी दुर्ग निवासी पास्टर आकाश बसरा को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं और पुलिस ने घर से उठाया, उनके साथ मारपीट की और उन पर धर्मांतरण का मामला दर्ज कर जेल भेज दिया। इसके अलावा 14 सितंबर को यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल (यूसीसी) के अध्यक्ष पास्टर जोनाथन और उनकी पत्नी पर भी जानलेवा हमला हुआ। हमलावरों ने उनकी गले की चेन छीन ली और बाद में उन पर ही झूठा धर्मांतरण का मामला दर्ज कर दिया गया। मसीही समाज ने पुलिस प्रशासन पर घरेलू प्रार्थना सभाओं को रोकने का दबाव बनाने का भी आरोप लगाया। समाज ने कहा कि उच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि निजी निवास पर प्रार्थना सभा करना किसी भी स्थिति में प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता। प्रदर्शनकारियों ने इसे धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया। भीम आर्मी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र मसीह ने कहा कि पूरे प्रदेश में मसीह समाज के साथ हो रहे अत्याचार मारपीट हो रहा है।

## बैंकिंग सेवा के लिए जागरूक करने शिविर

**दुर्ग।** दुर्ग जिला के सभी ग्राम पंचायतों में वित्तीय समावेशन योजनाओं का संतृप्ति अभियान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य लोगों तक सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं एवं बैंकिंग सेवाओं योजनाओं के प्रति जन जागरूकता उत्पन्न कर, उन्हें योजनाओं से लाभ पंहुचाना है। इस अभियान के अंतर्गत पाटन विकासखण्ड के बेल्हारी ग्राम पंचायत में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बटरेल द्वारा किया गया। जिसमें क्षेत्र के बैंकों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस शिविर में पात्र खाताधारकों का पुनः केवाईसी किया गया। भारतीय रिज़र्व बैंक रायपुर के महाप्रबंधक मनीष परासर ने शिविर का दौरा किया गया। उन्होंने शिविर की गतिविधियों की समीक्षा की।

## शिक्षक ने स्कूल में कराया न्योता भोज



**बेरला।** बेरला विकासखंड के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला खम्हरिया एम में शिक्षक अरविंद कुमार कश्यप अपने जन्मदिन के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया। इस न्योता कार्यक्रम में बच्चों को दाल, चावल, सब्जी, सलाद, पापड़, खीर, पूरी एवं मिठाई खिलायी गई। इस अवसर पर लीलाराम साहू पूर्व जनपद सदस्य प्रतिनिधि, शकुन स्वरूपानंद साहू सरपंच, गुलाब साहू उपसरपंच, रमेश सिंहा अध्यक्ष शाला विकास समिति, इंदल साहू, एबीईओ नारायण ठाकुर, बीआरसीसी प्रमुख खोमलाल साहू, संकुल समन्वयक राकेंद्र कुमार साहू, प्राथमिक प्रधान पाठक पोषण लाल सिन्हा, पूर्व माध्यमिक प्रधान पाठिका शैल देवांगन एवं अन्य सभी शिक्षक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रहा।

# कॉलेज में विशेष विधिक जागरुकता कार्यक्रम चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में आयोजित इनॉग्रेशन ऑफ द जूलॉजिकल एसोसिएशन के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग की ओर से दो न्यायाधीश ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान किया।

एक न्यायाधीश द्वारा छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना



निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इस अधिनियम का उद्देश्य अंधविश्वास के नाम पर की जाने वाली सामाजिक कुरीतियों और प्रताड़ना को पूर्णरूप से समाप्त करना है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। दूसरे न्यायाधीश द्वारा साइबर अपराध से संबंधित जानकारियाँ प्रदान की गईं। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फिशिंग आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की और उपरोक्त साइबर अपराध से सतर्क रहने के लिए व्यावहारिक उपायों के विषय में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने उक्त संबंध में विधिक प्रश्न पूछकर सक्रिय भागीदारी निभाई तथा न्यायाधीशों ने विधिक प्रावधानों की गहन जानकारी प्रदान कर छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं का संतोषपूर्ण समाधान किया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 बेटियों की शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है : दीपेश



10 वोट चोरी करने वालों को निर्वाचन आयोग दे...



## खबर संक्षेप

### राइस मिलर के यहां ईडी की दबिश, दस्तावेज जब्त

**भिलाई।** ईडी की टीम ने शराब घोटाला और मनी लार्डिंग के मामले में हुडको और तालपुरी में दबिश दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक राइस मिलर सुधाकर राव के घर पर दबिश दी गई। ईडी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। सुधाकर राव की भी घोटाले में संलिप्ता का आरोप है। फर्जी बिल, बढ़े हुए बिलों के जरिए कमीशन और अवैध भुगतान कराने का भी आरोप है। राइस मिलर सुधाकर राव के घर पर ईडी के अफसर दस्तावेज खंगालते रहे। बताया गया है कि यह कार्रवाई विशेष जांच दल (एसआईटी) की शुरुआती जांच के बाद हुई है। जिसमें शेल कंपनियों, बेनामी फर्मों और हवाला नेटवर्क के जरिए धन के लेन-देन का खुलासा हुआ था।

### नशे के लिए रुपए छीने तीन युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** झपटमार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि लेबर कैम्प जामुल निवासी राकेश चौहान ने शिकायत की थी कि वह घासीदास नगर गया था। तब 3-4 युवक शराब पीने के लिए सौ रुपए मांगे थे। रकम देने से मना करने पर मारपीट कर पर्स एवं मोबाईल पार कर फरार हो गए थे। जामुल पुलिस ने आरोपियों की खोजबीन शुरू की थी। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाला गया। तब संदेही घासीदास नगर निवासी दीपक साहू, नीरज ठाकुर, रिवाश हरपाल उर्फ पिलाबो घेराबंदी कर पकडा गया। आरोपियों से पूछताछ करने पर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### गांजा बेचने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने ग्रिप्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि दुर्ग कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से गांजा बेचने वाले को नयापारा रोड बारदाना दुकान के पास घेराबंदी कर वार्ड 33 दुर्ग निवासी दीपेश कुमार ठाकुर को पकड़ा गया।

### पांच दुकानों से प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त

**भिलाई।** स्वच्छता और पर्यावरण पर ग्रहण लगाने वाले व्यापारियों से रिसाली निगम ने जुर्माना वसूल किया है। वे प्रतिबंधित पॉलिथीन से ग्राहकों को सामान दे रहे थे। नगर पालिक निगम के अधिकारियों ने 2 किलो से भी अधिक प्रतिबंधित वन टाइम यूज कैरीबैग जब्त किया। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नगर पालिक निगम रिसाली का राजस्व और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बाजार क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने ठेला, गुमटी संचालकों को सामान कागज के पैकेट या कपड़े को थैले में देने की समझाईश दी। जांच के दौरान चिकन व अन्य दुकानों से पॉलिथीन जब्त किया।

# इस बार दस दिनों का होगा नवरात्रि पर्व, तैयारियां जोर-शोर से जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जारी पितृपक्ष की 21 सितंबर समाप्ति है अगले दिन से ही नवरात्र का त्योहार शुरू हो जाएगा। इस बार दो चतुर्थी तिथि होने के चलते नवरात्र का पर्व दस दिनों का होने वाला है। मां की भक्ति वाले इस पर्व को खास बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है, जहां मूर्तिकार मां की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। वहीं देवालयों व दुर्गा मूर्ति स्थापित करने की तैयारियां तेज कर दी गई है। इसके साथ ही शहर सहित जिलेभर में गरबे का आयोजन कराने वाली समितियों ने भी साज सजावट का दौर शुरू कर दिया है। की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक शारदीय नवरात्र मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र के दौरान जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नौ दिनों तक व्रत रखा जाता है। जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से भक्तजन की हर मनोकामना पूरी होती है। इस बार नवरात्र की शुरूआत 22 सितंबर से होने जा रही है। जिसका समापन एक अक्टूबर को नवमी के मां साथ होगा। पर्व को खास बनाने के लिए जहां के मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही है। वहीं मूर्ति विराजने के लिए समितियां पंडाल बनवाने का काम अंतिम चरण में है। जिसमें बीटीआई ग्राउंड में खास तौर पर सजावट की जा रही है इस दौरान जस गीत के आयोजन भी देखने को मिलेंगे।

## शहर में सज रहा बीटीआई ग्राउंड, मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

### रोज नई थीम पर गरबा

ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर गरबे का आयोजन भी किया जाता है। शहर में सामाजिक गरबा आयोजन के अलावा प्रमुख रूप से इस बार दो आयोजन होंगे। इनमें मित्र मंडलीय गरबा समिति द्वारा मंडी परिसर में और दूसरा आयोजन गुरु कृपा रायपुर पर आयोजित होगा । संस्कारधानी इस बार रोज नई थीम पर गरबा प्रस्तुति दस दिनों तक देखने को मिलेगी। वहीं गरबा में भजन गायक के साथ ही विशेष कार्यक्रम भी रखे गए हैं।



### एआई मूर्तियां नहीं

ज्ञात हो कि प्रदेश की राजधानी में गणेश मूर्तियों की एआई बनावट को लेकर हुए विवाद के बाद मूर्तिकारों में भी सतर्कता आ गई है। समितियों की मांग के बाद भी अब मूर्तिकार एआई से जनरेट तस्वीर के अनुसार मूर्तियां नहीं बना रहे हैं। इस बार भी नवरात्र में मां की कोई एआई से जनरेट तस्वीर जैसी मूर्ति जिले में देखने को नहीं मिलेगी। मूर्तिकारों ने बताया कि अधिकांश मूर्तियों में अब आंख खोलने का काम ही अंतिम दौर के तहत किया जा रहा है।

## मंडी बोर्ड के फंड से बन रहा स्कूल, पुराने ठेकेदार ने बीच में काम छोड़ा

# साजा के आत्मानंद स्कूल का निर्माण 3 साल से रुका, निरीक्षण करने पहुंचा कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

यहां लंबे समय से बंद पड़े आत्मानंद स्कूल के निर्माण कार्य को गति देने के लिए जिलाधिकारी ने खुद मौका-निरीक्षण किया। पिछले तीन सालों से बंद पड़े इस निर्माण कार्य की वजह से छात्रों को अब तक नया स्कूल भवन नहीं मिल पाया है। आज भी शहर के बच्चों को दो पालियों में स्कूल जाना पड़ रहा है।

अधिकारियों की लापरवाही के कारण बच्चों को नवीन स्कूल भवन नहीं मिल सका, जिससे स्थानीय लोगों में काफी रोष है। बार-बार शिकायत के बावजूद काम में कोई प्रगति नहीं हो रही थी। जिलाधिकारी ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों से इस संबंध में जानकारी ली। 3 करोड़ 30 लाख की लागत से बन रहे इस भवन का काम कब पूरा होगा, यह अभी भी स्पष्ट नहीं है। पुराने ठेकेदार ने काम बीच में ही छोड़ दिया है और अब नए टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। ऐसे में इस शैक्षणिक सत्र में छात्रों को नया भवन मिलने की उम्मीद कम ही है। मंडी बोर्ड के कार्यों में पारदर्शिता की कमी भी सामने आई है। 3 करोड़ 30 लाख की लागत का यह निर्माण कार्य कहीं भी सूचना पटल पर अंकित नहीं है, जिसकी जानकारी लोगों को नहीं थी। यह बात तब सामने आई जब अधिकारियों ने जिलाधिकारी को जानकारी दी। अब देखना यह है कि जिलाधिकारी के दौरे के बाद इस कार्य में कितनी प्रगति आती है।

### नाराज भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री से की शिकायत



रजत जयंती समारोह में पहुंचे जिलाधीश ने 3 साल से बंद पड़े आत्मानंद भवन का निरीक्षण किया। इस दरमियान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाधीश से जलाशय के निरीक्षण का आग्रह किया, लेकिन उन्होंने बात टाल दी, इससे नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं ने तत्काल मुख्यमंत्री से मिलकर इसकी शिकायत की रूपरेखा तैयार की देर रात राजधानी में मंडल अध्यक्ष बुलॉक साहू, कैशौ पटेल, नारद वर्मा ने मुख्यमंत्री निवास में मुलाकात कर साजा जलाशय के संबंध में दस्तावेजों के साथ शिकायत कर उच्च स्तरीय जांच करने की लिए ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने सरकारी बांध के संबंध जानकारी ली कि बांध को पाटा गया है। जलाशय कितने हेक्टेयर का था, इस पर मंडल अध्यक्ष ने जानकारी दी कि सिंचाई विभाग बांध का सीमांकन नहीं कर रहा है नहीं बता पा रहा है। मुख्यमंत्री न मामले की गभीरता को देखते हुए तत्काल सचिव को मामले की जांच के लिए आदेशित किया।

### मंडी बोर्ड के फंड से बने जर्जर स्कूल पर भी सवाल

शहर में मंडी बोर्ड के आवंटन से जलाशय के पास बना एक अन्य 1 करोड़ का स्कूल भवन भी पूरी तरह से जर्जर और अधूरा पड़ा है। मंडी बोर्ड ने जलाशय के अंदर स्कूल बनाने के लिए आवंटन कैसे दिया, यह एक गंभीर जांच का विषय है। नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, और मंडल अध्यक्ष सहित कई स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी से इस स्कूल की जांच करने का आग्रह किया। समय की कमी का हवाला देते हुए, जिलाधिकारी ने बाद में विशेष रूप से जलाशय का निरीक्षण करने की बात कही। मंडी बोर्ड के किसी भी कार्य में सूचना पटल नहीं होता, जिससे आम लोगों को निर्माण कार्यों की जानकारी नहीं मिल पाती। साथ ही, उनका कोई भी इंजीनियर मुख्यालय में नहीं रहता, जिससे जानकारी मिलना मुश्किल है। केवल ठेकेदार और विभाग के लोग ही इन कार्यों के बारे में जानते हैं, जिसका खामियाजा साजा शहर को भुगतना पड़ रहा है। इस अधूरे और जर्जर भवन में कथित तौर पर 1 करोड़ का भुगतान होने की भी खबर है, जिससे इस निर्माण की वैधता पर सवाल उठ रहे हैं।

# वैज्ञानिकों की टीम ने किया सोयाबीन फसल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत के विभिन्न राज्यों से आए वैज्ञानिकों की एक मॉनिटरिंग टीम ने बेमेतरा के कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा किया। यह टीम अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना (फसल बीज) के तहत गठित की गई थी। टीम ने केंद्र के प्रक्षेत्र में चल रहे सोयाबीन प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम का गहनता से अवलोकन किया। वैज्ञानिकों ने विशेष रूप से सोयाबीन की किस्म आरएससी1107 का निरीक्षण किया।

इसके बाद उन्होंने सीड हच कार्यक्रम के अंतर्गत निर्मित प्रसंस्करण सह बीज भंडारण इकाई और हाईटेक नर्सरी का भी भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान, सेंट्रल जोन 2 के संयोजक डॉ. अरविंदनाथ सिंह ने सोयाबीन की फसल के उचित रखरखाव के लिए तकनीकी मार्गदर्शन दिया। डॉ. पंजाब राव देशमुख विद्यापीठ, अकोला के वैज्ञानिक डॉ. जेपी खाटोद ने केंद्र को और अधिक संसाधन युक्त बनाने और किसानों को टिकाऊ खेती के लिए प्रेरित करने के लिए समन्वित कृषि प्रणाली विकसित करने का सुझाव दिया। साथ ही, उन्होंने सरकारी क्षेत्रों द्वारा विकसित उन्नत किस्मों का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने की सलाह दी।एनआईएसएसटी अनुसंधान केंद्र, माउ की वैज्ञानिक डॉ. पवित्रा वी. ने स्व-सहायता समूहों के बीच सोयाबीन के प्रसंस्करण और शुद्धिकरण के तकनीकी कार्यों का प्रचार करने का सुझाव दिया।

इस दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के डॉ. चंदू सिंह और इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के डॉ. रविंद्र वर्मा और डॉ. ओमनारायण वर्मा सहित कई अन्य वैज्ञानिक भी उपस्थित थे, जिन्होंने आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन दिया। कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा के वैज्ञानिक डॉ. रजनी डी. आगाशे, डॉ. जितेंद्र कुमार जोशी, डॉ. लवकुमार और शिवकुमार सिन्हा भी इस भ्रमण में मौजूद थे।

# राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामांकित शिक्षिकाओं का डाइट ने किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शिक्षा जगत के गौरव आगामी वर्ष के लिए राज्यपाल पुरस्कार के लिए नामांकित नवाचारी शिक्षिका शीतल बैस व आंचल वर्मा का जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में आगमन हुआ।

संस्थान के प्राचार्य जेके घृतलहरे ने डाइट परिसर पहुंचने पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य जेके घृतलहरे ने कहा कि आप अपनी लगन, मेहनत, प्रतिभा, के साथ खूब कार्य कीजिये और उत्साह के साथ बच्चों के लिए प्रतिदिन खूब मेहनत कीजिए। अगला लक्ष्य आपका राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करना होना चाहिए। आप दोनों के पास पूरा एक वर्ष का समय है बहुत अच्छा कार्य करने के लिए। आप उत्कृष्ट कार्य करके अपने स्कूल, अपने विकासखंड, अपने जिला, अपने राज्य का नाम रौशन कीजिए। हम सब की शुभकामनाएं आपके साथ है। हमें विश्वास है कि आप इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने विद्यालयीन बच्चों के साथ खूब मेहनत करेंगे और अपने साथ-साथ अपने माता-पिता, विद्यालय, परिवार, गांव और जिले का नाम रोशन करेंगे।

# नवोदय के छात्रों ने किया ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा 7वीं एवं 11वीं के कुल 96 विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक जीवन से जोड़ना, कला एवं विज्ञान की समझ विकसित करना, संस्कृति और इतिहास से परिचित कराना तथा सामाजिक चेतना का विकास करना था।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों का अवलोकन किया। आदिवासी संग्रहालय, नया रायपुर, यहां विद्यार्थियों ने आदिवासी समाज की परंपराओं, कला, संस्कृति, जीवनशैली, वेशभूषा, लोककला और धार्मिक मान्यताओं की गहन जानकारी प्राप्त की। माता कौशिल्या मंदिर, चंदखुरी, इस स्थल पर विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और विरासत का अवलोकन किया तथा माता कौशिल्या के जीवन प्रसंगों और प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी संस्कृति से जुड़ाव महसूस किया।छत्तीसगढ़ विज्ञान केंद्र, रायपुर, यहां विद्यार्थियों ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी की प्रगति से परिचय पाया। उन्होंने विभिन्न कॉर्नर जैसे संसाधन दीर्घा, मनोरंजन दीर्घा, परिमापन, जल एक मूल्यवान संपदा, जैव विविधता, साइंस पार्क, 3-डी शो और तारामंडल का अनुभव किया। यह भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाला सिद्ध हुआ। प्राचार्य श्री दहिकर ने बताया कि भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों में अनुशासन, जिज्ञासा, ज्ञानवर्धन एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास देखने को मिला। सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्साहित एवं प्रोत्साहित नजर आए।

## दुर्गा उत्सव, दशहरा और दीपावली की तैयारियों पर चर्चा

# त्योहारों में डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बेमेतरा में शांति समिति की बैठक





जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट के दिशा सभा कक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में आगामी दुर्गा उत्सव, दशहरा और दीपावली जैसे प्रमुख त्योहारों को शांतिपूर्ण और सद्भावपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर गहन चर्चा की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि बेमेतरा जिला हमेशा से सामाजिक समरसता और भाईचारे का उदाहरण रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि त्योहारों के दौरान पेयजल, बिजली, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं और स्वच्छता की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं ताकि नागरिकों को कोई परेशानी न हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने बताया कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहेगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी त्योहारों में डीजे बजाना पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा और तेज आवाज में धमाल बजाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों से बचने और किसी भी समस्या के लिए तुरंत पुलिस से संपर्क करने की अपील की।

**दशहरा और विसर्जनः** दशहरा पर्व 2 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में रावण दहन के साथ मनाया जाएगा, जिसके बाद प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। बैठक में एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, विभिन्न समाज प्रमुख, धर्मगुरु, नगर सेना, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका के अधिकारीगण उपस्थित थे। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया कि आगामी त्योहार शांति और भाईचारे के साथ मनाए जाएंगे। कलेक्टर ने विश्वास जताया कि जनता और प्रशासन के सहयोग से बेमेतरा जिला शांति का आदर्श प्रस्तुत करेगा।

### प्रमुख निर्देश और फैसले

**दुर्गा प्रतिमाएं-** केवल मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की स्थापना की अनुमति होगी।
**पंडाल-** पूजा पंडाल सड़कों पर नहीं बनाए जाएंगे ताकि यातायात बाधित न हो। पंडालों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आयोजकों की होगी।
**बिजली कनेक्शन -** सभी पूजा पंडालों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य है।
**आयोजन-** गरबा और ऑर्केस्ट्रा जैसे आयोजनों के लिए एसडीएम से पहले अनुमति लेनी होगी।
**समिति की सूची-** पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की सूची संबंधित पुलिस स्टेशन में जमा कराना अनिवार्य होगा।

बिजली बिल में बढ़ोतरी पर पूर्व विधायक छाबड़ा ने लगाए आरोप

# महतारी वंदन के पैसे लोगों से दुगने ब्याज सहित वसूल रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पूर्व विधायक और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आशीष छाबड़ा ने भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना और बिजली दरों में वृद्धि को लेकर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा एक तरफ महिलाओं को 1000 रुपये दे रही है, वहीं दूसरी ओर दोगुने ब्याज के साथ यह पैसा बिजली बिल के रूप में वापस ले रही है।

आशीष छाबड़ा ने कहा कि बिजली की दरों में बेतहाशा वृद्धि से आम और मध्यम वर्ग के परिवारों पर भारी बोझ पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई से पहले ही परेशान जनता का भाजपा सरकार खून चूस रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने हाफ बिजली बिल योजना चलाकर लोगों को राहत दी थी, लेकिन भाजपा सरकार में बिजली उत्पादन बढ़ने के बावजूद दरों में बढ़ोतरी समझ से परे है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या

छाबड़ा ने बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि किसानों को जले हुए ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए महीनों इंतजार करना पड़ रहा है और इसके लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को हजारों रुपये की रिश्वत देनी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि घंटों बिजली गुल रहना अब आम बात हो चुकी है। पूर्व विधायक ने आशंका जताई कि बिजली बिल की मार के कारण छोटे कल-कारखाने बंद हो जाएंगे, जिससे बेरोजगारी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि जो लोग छोटे उद्योग लगाकर अपनी आजीविका चला रहे हैं और दूसरों को रोजगार दे रहे हैं, वे भी इस मार के चलते अपने व्यवसाय बंद करने पर मजबूर होंगे। उन्होंने राज्य में 67 नए शराब दुकानें खोलने पर भी भाजपा सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं को नशे का आदी बनाकर उनके परिवारों को बर्बाद करने से भी पीछे नहीं हटेगी।

आशीष छाबड़ा ने राज्य सरकार से बढ़ी हुई बिजली दरें वापस लेने और बिजली बिल हाफ योजना को फिर से लागू करने का आग्रह किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो छत्तीसगढ़ की जनता फिर से लालटेन युग में जाने को मजबूर हो जाएगी।

## खबर संक्षेप

### भिलाई की नीलम का हिंदवी कविता कैंपस में चयन

**भिलाई।** भिलाई की नवोदित कवयित्री नीलम वर्मा का चयन रायपुर में 20 -21 अक्टूबर को आयोजित हिंद युग्म उत्सव के अवसर पर हिंदवी कैंपस कविता के अंतर्गत काव्य पाठ के लिए किया गया है। वे हिंद युग्म उत्सव के प्रथम दिन 20 सितंबर को पं. दीनदयाल उपाध्याय सभा गृह में अपनी कविताओं का पाठ करेंगी। नीलम वर्तमान में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग में शोधार्थी है।

### इंस्टीट्यूट आफ इंजी. भवन में अभियंता दिवस समारोह

**भिलाई।** द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) की भिलाई शाखा द्वारा अभियंता दिवस समारोह का आयोजन इंजीनियर्स भवन में हुआ। बीएसपी के ईडी एके चक्रबर्ती मुख्य अतिथि और आईआईटी के निदेशक राजीव प्रकाश तथा हेमचंद विवि के कुलपति प्रो. संजय तिवारी विशिष्ट अतिथि थे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष पुनीत चौबे ने की। सचिव बसंत साहू ने अतिथियों का स्वागत किया। जीएम बोन्या मुखर्जी महाप्रबंधक इंजीनियर मोक्षगुन्दम विश्वेश्वरैया के जीवन परिचय दिया। इस अवसर पर डॉ. राजीव प्रकाश को लाइफटाइम इंजीनियरिंग एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। चक्रबर्ती ने कहा कि डिजिटल युग के आगमन से आने वाले 7-8 वर्षों में मानव संसाधनो की आवश्यकता लगभग तीस प्रतिशत तक घट जायेगी। उन्होंने अभियंताओं को नवाचार तथा नयी तकनीक से सामंजस्य बिठाने का आह्वान किया। प्रो. राजीव प्रकाश ने कहा कि शीर्ष अत्याधुनिक गहन प्रौद्योगिकियों जैसे क्वाण्टम कंप्यूटिंग, आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस , ब्लाक चैन , रोबोटिक्स, डीप लर्निंग आदि के माध्यम से 21 वीं शताब्दी का भविष्य निर्धारित होगा । मुख्य वक्ता संजय तिवारी ने भारत में डीप टेक तथा उससे जुड़े बिन्दुओं पर चर्चा की ।भिलाई शाखा ने विभिन्न महाविद्यालयों के 11 इंजीनियरिंग के विद्याथियों को योगदान के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया।

### 22 से वसूली अभियान

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत स्थित भवन/भूमियों पर संपत्ति कर बकाया राशि की वसूली हेतु नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 175 के अधीन कुर्की वारंट जारी किये गये है। बकाया राशि की वसूली हेतु अधिनियम में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार 22 सितम्बर 2025 से कार्यवाही किये जाने समिति गठन किया गया है। प्रत्येक जोन के जोन आयुक्त, प्रभारी सहायक राजस्व अधिकारी जिस भवन/भूमि पर बकाया राशि की वसूली की कार्यवाही कुर्की के माध्यम से किया जाना है।

### पौधरोपण पखवाड़ा अभियान, 25 हजार पौधरोपण का लिया संकल्प

**भिलाई।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत टाउनशिप सहित औद्योगिक क्षेत्र को हरा-भरा बनाने जगह-जगह पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें औद्योगिक क्षेत्र जे के लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड द्वारा वृक्षारोपण पखवाड़ा का आयोजन कंपनी के खदान एरिया में वृहद् स्तर पर किया गया। जिसके अंतर्गत प्रबंधन ने लगभग 25 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया है, जो हरित क्षेत्र के विस्तार और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल होगी।




योजना

## देवरबीजा में छात्राओं को साइकिल वितरित की गई

# बेटियों की शिक्षा ही समाज की प्रगति का आधार है : दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेज़ी/हिंदी माध्यम विद्यालय, देवरबीजा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और छात्राओं को साइकिल वितरित की।

यह वितरण कार्यक्रम छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा के साथ-साथ सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रोत्साहित करना है। समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दीपेश साहू ने कहा की बेटियों की शिक्षा ही समाज और देश की असली प्रगति का आधार है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी ने जिस दूरदृष्टि के साथ यह योजना शुरू की है, वह न केवल बेटियों के लिए शिक्षा का मार्ग प्रशस्त करेगी, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत बनाएगी। साइकिल अब केवल एक साधन नहीं, बल्कि उनकी पढ़ाई और सपनों की ओर बढ़ने का साधन बनेगी। मुझे विश्वास है कि यह कदम ग्रामीण क्षेत्रों में बेटियों की पढ़ाई को निरंतरता देगा और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।



### साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिले



**बेरला।** विकासखण्ड बेरला के अंतर्गत आने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अछोली में सरस्वती साईकिल योजनांतर्गत विद्यालय में छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष साहू ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए शाला में हो रहे विकास उपलब्धि की जानकारी दिए। साथ ही मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सबसे पहले भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं प्रेषित कर सभी बच्चों को सम्बोधित किया गया। लोमेश कुमार ने बच्चों को भगवान देवशिल्पी श्री विश्वकर्मा जयंती और नव भारत निर्माण की ओर अग्रसर करने वाले यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिन पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय की विकास और स्वच्छता ही हम सब की अहम जिम्मेदारी है। विद्यालय की विकास उपलब्धि पर हम मिलके कार्य करेंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के समिति अध्यक्ष उदयराम साहू, भाजपा सरदा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, स्थानीय सरपंच तीरथ बाई, प्रचार-प्रसार भाजयुमो बेमेतरा एवं अध्यक्ष प्रतिनिधि सेवा सहकारी समिति अछोली लोमेश कुमार सेन, अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुरहोली पप्पु वर्मा, युवा मोर्चा मंडल मंत्री रामायण साहू, भाजपा कार्यकर्ता सनत चौधरी, लक्की देवांगन, वीरेंद्र निषाद, श्रवण गेंदरे सहित विद्यालय प्राचार्य सुखदेव साव और सभी शिक्षकगण सहित पालकगण श्रवण राय, रोहित यादव, धर्मदास सहित लाभान्वित छात्राओं के पालक उपस्थित हुए।

#### ये रहे शामिल

उन्होंने आगे कहा कि शासन की यह पहल छात्राओं की स्कूल तक की दूरी और कठिनाई को कम कर, उनकी उपस्थिति और शिक्षा दोनों में सुधार लाएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि बलराम पटेल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सेवा राम साहू, देवरबीजा सरपंच हेमलाल देवांगन, प्राचार्य हीरालाल साहू, शिक्षक बिरेन्द्र कुमारी देवांगन, दिनेश तिवारी, बी. राधाम्मा, खेला द्विवेदी एस. रॉय, काजल कुमारी (व्यायाम शिक्षक) दीनानाथ साहू, विबिन सैम, सुनीता गुप्ता, रंजीता ध्रुव, लेबिना लाल सहित अनेक गणमान्य जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## संकल्प एचईडब्लू अभियानः छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**बेमेतरा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे 10-दिवसीय 'संकल्प एचईडब्लू' जागरूकता अभियान के तहत, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 20 छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना था। छात्राओं ने शासकीय डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज बेमेतरा और कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ढोलिया का दौरा किया। डेयरी पॉलिटेक्निक कॉलेज में छात्राओं को डेयरी के विभिन्न कोर्स, उनके लाभ और स्वरोजगार शुरू करने के तरीकों के बारे में बताया गया। उन्हें लैब का भी भ्रमण कराया गया, जहाँ उन्होंने दूध में मिलावट (जैसे यूरिया) की जाँच करने के तरीके देखे। इसके अलावा, छात्राओं को दूध से बनने वाले उत्पादों जैसे पनीर, मक्खन, रबड़ी और प्रोटीन शेक बनाने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

#### कृषि महाविद्यालय में अनुभव

कृषि महाविद्यालय में, छात्राओं को विभिन्न प्रकार के फल और फसलें दिखाई गईं, जिनमें ड्रैगन फ्रूट, आम, अमरूद, अनार, हल्दी और केला शामिल थे। उन्हें खेती के बारे में जानकारी दी गई। सबसे खास बात यह थी कि उन्हें यह भी बताया गया कि अलसी के डंठल से लिनेन का कपड़ा कैसे बनता है और कचरे से धन (खाद) कैसे बनाया जा सकता है। छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ इन गतिविधियों को देखा और समझा। इस कार्यक्रम में सुपरवाइजर लक्ष्मी साहू और आशीष जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक राजीव कुमार वर्मा, परियोजना समन्वयक राजेंद्र चंद्रवंशी, जेंडर विशेषज्ञ तमन्ना बारले और सेवन्तिका साहू, सखी वन स्टॉप सेंटर से सीमा यदु और कॉलेज के प्राध्यापक व छात्राएं उपस्थित रहीं।

## श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला चोरभट्टी विकासखंड साजा में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह से भाग लेते हुए चित्रकला प्रतियोगिता एवं नाटक का मंचन प्रस्तुत किया।


चित्रकला प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने स्वच्छता का महत्व रंगों के माध्यम से बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। उनके चित्रों ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता स्वस्थ और सुंदर जीवन की पहली शर्त है। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को इनाम देकर सम्मानित भी किया गया, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास का संचार हुआ। नाटक मंचन में विद्यार्थियों ने समाज में फैली गंदगी और उसके दुष्परिणामों को जीवंत अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया। उन्होंने यह दिखाया कि स्वच्छता अपनाकर कैसे बीमारियों से बचा जा सकता है और एक सुंदर व स्वस्थ वातावरण बनाया जा सकता है। बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया और समाज को स्वच्छता का संदेश देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक देवराम साहू, आशुतोष चौबे एवं भुनेश्वरी वर्मा ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया और अपने उद्बोधन में स्वच्छता को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे न केवल विद्यालय व घर में, बल्कि पूरे ग्राम में स्वच्छता का संदेश फैलाएँ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने यह संकल्प लिया कि स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखकर समाज को स्वस्थ और स्वच्छ बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।

## मध्याह्न भोजन योजना के तहत रसोइयों का प्रशिक्षण

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री शक्ति पोषण निर्माण (मध्यान्ह भोजन) योजना अंतर्गत रसोईयों का विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण शुक्रवार को विकासखण्ड स्त्रोत केन्द्र भवन बेमेतरा में सम्पन्न हुआ। रसोईया प्रशिक्षण में 120 प्रशिक्षाणार्थी उपस्थित हुए थे। रयोईया प्रशिक्षण में प्रशिक्षाणार्थियों को श्री एसपी कोसले सहायक संचालक, कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा एवं श्रीमती कामिनी महिलांग विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के द्वारा उद्बोधन किया गया। प्रशिक्षण में मध्यान्ह भोजन कक्ष प्रभारी श्री बी.के. भुवाल सहायक ग्रेड-02 सहित मार्गदर्शक के रूप में दिग्विजय धृतलहरे संकुल समन्वयक बावामोहतरा, धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक सिंघौरी एंव रसोइया में रामकली देवांगन, मिथलेश वर्मा सहित ब्लाक के सभी रसोइया उपस्थित रहे।

## प्रदेश साहू संघ के निर्वाचित पदाधिकारियों का सामाजिक सदस्यों ने किया सम्मान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत-सम्मान समारोह जिला साहू संघ बेमेतरा द्वारा किया गया। इसके पश्चात दानवीर भामाशाह भवन दुर्ग रोड में मंचीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

समारोह में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, महिला उपाध्यक्ष साधना साहू, उपाध्यक्ष डॉ. तिलक साहू, संयुक्त सचिव प्रदीप साहू, संगठन सचिव बीना साहू, डॉ. सुनील साहू व चंद्रावती साहू का जिला साहू संघ की ओर से फूल-माला, साल, श्रीफल और मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. साहू ने कहा कि समाज में नई क्रांति की शुरुआत हेतु तहसील व जिला स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन अनिवार्य है। उन्होंने विशेषकर युवाओं को नशा मुक्ति, संस्कार, नैतिक शिक्षा और पारिवारिक मूल्यों को आत्मसात करने की अपील की। सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, सामाजिक एकता और आगामी जिला साहू संघ चुनाव में समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू बेमेतरा, विधायक ईश्वर साहू साजा, जिला अध्यक्ष गेंदराम साहू, जिला पंचायत सदस्य हरीश पंचराम साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय साहू, महासचिव डॉ. खोमराम साहू, तहसील अध्यक्ष छोटेलाल साहू, बसंत साहू, सूर्यकांत साहू, प्रेमु साहू सहित जिले व ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं समाजजन मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर और आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर नगर से लेकर गांवों तक के मंदिरों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और दुकानों में भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। गांव में भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक प्रतिमा स्थापित की गई, और रात में लोक कलाकार नीलकमल वैष्णव के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का लुत्फ उठाने के लिए महिलाएं, युवा और बच्चे बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अगले दिन, भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को डीजे की धुन के साथ जुलूस निकालकर तालाब में विसर्जित किया गया। इस दौरान नवयुवकों की टोलियों ने डीजे पर खूब डांस किया और जुलूस का आनंद लिया।

## गरबा उत्सव भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के अनुरूप मनाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ धर्म स्तंभ काउंसिल के सदस्यों ने बैठक के बाद जारी की एडवाइजरी

चतुः वर्णार्थ धर्म स्तंभ काउंसिल ने आगामी नवरात्रि और गरबा महोत्सव के अवसर पर युवाओं और आयोजकों से अपील की है कि वे इस उत्सव को केवल नृत्य और मनोरंजन के रूप में न देखें, बल्कि इसे भारतीय संस्कृति, मां दुर्गा की भक्ति और सामूहिक सामाजिक समरसता के उत्सव के रूप में मनाएं।

धर्म स्तंभ काउंसिल के सदस्यों ने बैठक के बाद एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि भारतीय परंपरा में हर उत्सव का आधार धर्म, मर्यादा और लोकमंगल रहा है। गरबा केवल नृत्य नहीं है, यह 'गर्भ-दीप' का प्रतीक है, जिसमें मां शक्ति के सृजन और पालन की आराधना होती है। यह उत्सव हमें यह स्मरण कराता है कि "जहां धर्म है, वहां आनंद है, और जहां आनंद है, वहां समाज में एकता और समरसता है।"धर्म स्तंभ काउंसिल राम जानकी मंदिर के महंत सुरेंद्र दास और डॉ. सौरव निर्वाणी ने युवाओं के लिए निर्देश जारी किया कि ,गरबा में भाग लेते समय शालीन परिधान, मर्यादित आचरण और भक्तिभाव रखें।नवरात्रि का मूल भाव आत्मसंयम और साधना है, इसलिए नशा, अशोभनीय नृत्य और अभद्र भाषा से पूर्णतः दूर रहें। गरबा नृत्य के दौरान मोबाइल और सोशल मीडिया का उपयोग संस्कृति की गरिमा बढ़ाने हेतु करें, न कि उसका ह्रास करने के लिए। आए हुए बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान करते हुए भारतीय संस्कारों का पालन करें। वहीं गरबा महोत्सव में भाग लेने अपने पुत्रियों को भेज रहे अभिभावक भी बेटियों के परिधानों को संस्कृति के अनुरूप ही सुसंस्कारित लगे इसका विशेष ध्यान देने को कहा है। गरबा पंडाल के आयोजकों के लिए धर्म स्तंभ कौंसिल ने अपने निर्देशिका में उल्लेख किया है कि आयोजन स्थल को देवी मंदिर की भांति पवित्र और भक्तिपूर्ण बनाएं। मंच से केवल धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता के संदेश प्रसारित हों, राजनीति से परहेज रखें। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा व सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें



आयोजन में स्वच्छता ,आयोजन स्थल में वाहनों के समुचित रखाव जिससे की आम सड़क बाधित ना हो , पर्यावरण संरक्षण और समाज की भागीदारी को प्रोत्साहित करें और पारंपरिक वाद्य और भजनों को महत्व देकर उत्सव को भारतीयता और आध्यात्मिकता से जोड़ें धर्म स्तंभ काउंसिल का मानना है कि आज के युवा यदि गरबा को केवल नृत्य नहीं, बल्कि मां दुर्गा की उपासना और भारतीय मूल्यों का पर्व मानें, तो यह उत्सव आने वाली पीढ़ियों के लिए संस्कृति और संस्कार का प्रेरणास्त्रोत बनेगा। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने "गरबा उत्सव को भक्ति, मर्यादा और संस्कृति का संगम बताते हुए कहा कि भारतीय संस्कारों की छाया में ही उत्सव का वास्तविक सौंदर्य, आनंद और गरिमा है।" इसका अनुपालन समाज की जिम्मेदारी है

## शहर भाजपा ने सेवा पखवाड़ा पर स्वच्छता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल बेमेतरा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि भारत माता चौक में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें सभी ने सक्रिय भागीदारी निभाई और परिसर में साफ-सफाई की।

इस अभियान के माध्यम से समाज को स्वच्छता का संदेश दिया गया और लोगों को अपने घर, मोहल्ले और नगर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी उठाने के लिए प्रेरित किया गया।यह आयोजन सेवा पखवाड़ा के तहत किया गया, जिसमें 2 अक्टूबर तक विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा,विकास तंबोली, निशा चौबे, स्वच्छता प्रभारी ललिता साहू, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, सहसंयोजक शहर मंडल रोशन दत्ता, डॉ विनय साहू, संदीप यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।









